ग्राम पंचायत बोड़रडीह के सरपंच ने किया... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

बुधवार, 09 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 01, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी सरकार

नई दिल्ली। हरियाणा से आए चुनाव परिणाम ने साफसाबित कर दिया कि बीजेपी लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। एग्जिट पोल के सारे आंकड़े धरे के धरे रह गए।

दरअसल, कांग्रेस को यह साफ लग रहा था कि पार्टी इस बार हरियाणा में वापसी कर जाएगी। लेकिन, आम आदमी पार्टी के चुनाव में एंट्री करते ही राजनीति के जानकार मानने लगे थे कि कांग्रेस के लिए अब हरियाणा की डगर आसान नहीं है। इसके साथ ही जानकार यह भी मानते थे कि कांग्रेस यहां 10 साल से सत्ता से बाहर है। ऐसे में उनके कार्यकर्ताओं में वैसा उत्साह भी नहीं है और अंतर्कलह की वजह से पार्टी अपनी दावेदारी उस तरह से पेश नहीं कर पाएगी, जैसा पार्टी के आलाकमान सोच रहे हैं। ऊपर से कांग्रेस ने इस चुनाव के लिए देर से कमर कसी। इसके साथ ही अंदरूनी कलह से जूझ रही कांग्रेस भाजपा सरकार के 10 सालों के कार्यकाल को जोरदार ढंग से चुनाव-प्रचार के दौरान नहीं उठा पाई। इसके साथ ही कांग्रेस के तीन नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के समर्थकों का अनबन भी सामने था। तीनों ही यहां सीएम के चेहरे के तौर पर नजर आ रहे थे। अगर पार्टी ने यहां सीएम के चेहरे के तौर पर किसी को उतारा होता तो शायद यह गुटबाजी कम देखने को मिलती। इसके साथ ही कुमारी शैलजा को लेकर पार्टी के भीतर जो चला, उसकी वजह से ओबीसी और दलित वोट बैंक कांग्रेस से खिसका और यह कहीं ना कहीं भाजपा की तरफचला गया। इसके साथ ही यहां इंडी गठबंधन का साथ नहीं आना, जैसे

कांग्रेस के साथ सपा और आम आदमी पार्टी का गठबंधन नहीं हो पाना भी कांग्रेस के हार का कारण बन गया। अब बात करते हैं कि कांग्रेस की उन 7 गारंटियों की जो प्रदेश की जनता के लिए कांग्रेस ने दिए थे। इसमें कांग्रेस ने तेलंगाना मॉडल अपनाया। जिसमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने, बुजुर्गों और दिव्यांगों को 6 हजार की पेंशन और दो कमरों के मकान का वादा किया गया। किसानों को लुभाने के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने का भी भरोसा दिया गया। क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का दावा किया गया। सरकार बनी तो गरीबों के 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज के साथ पुरानी पेंशन स्कीम को दोबारा बहाल करने का वादा भी शामिल था। इसके साथ ही इस चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफसे भी प्रदेश की जनता के लिए फ्री की रेवड़ी का वादा किया गया था। जिसमें मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज और बेहतरीन शिक्षा जैसी कई चीजें थी। हरियाणा की जनता ने इस चुनाव में जिस तरह से भाजपा के पक्ष में मतदान किया, उससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि फ्री की गारंटियां यहां की जनता के लिए बेअसर साबित हुईं। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह यह रही कि कांग्रेस के द्वारा कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश की जनता से जो मुफ्त की गारंटी दी गई थी, वह पूरी नहीं हो पाई।

जहां भी सरकार इन फ्री की गारंटियों को लागू करने की कोशिश में लगी, उसके पसीने छूट गए। राज्य सरकार का सरकारी खजाना खाली हो गया और सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ने के साथ कर्ज भी बढ़ने लगा। इन राज्यों में इस गारंटी स्कीम के साइड इफेक्ट भी देखने को मिलने लगे। हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस पार्टी ने 10 गारंटियां दी थी। उन्हें पूरा करने में सुक्खू सरकार का दम फूल रहा है। इनमें मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन योजना, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं को हर माह 1,500 रुपये जैसे वादे थे। वहीं, तेलंगाना में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं और सरकार पर कर्ज का अतिरिक्त बोझ पहले से ही है। ऐसे में अब जो हरियाणा के चुनाव नतीजे आए हैं, उसने साफकर दिया कि यहां प्रदेश के लोगों को कांग्रेस की फ्री गारंटी वाली स्कीम नहीं पसंद आई। साथ ही यह भी पता चल गया कि अब यह वादे जनता को रिझाने के लिए बेअसर साबित हो रहे हैं।

शक्तिधाम महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां का मनोरम श्रृंगार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 में स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मन्दिर में शारदीय नवरात्र का पर्व भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर में 51 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। आज पंचमी के अवसर पर मां महाकाली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से माता को 56 भोग लगाया गया, वहीं संध्या महाआरती पश्चात माता का जगराता आयोजित कार्यक्रम किया गया। मंदिर के प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि मां महाकाली की दर्शन करने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आज पंचमी के अवसर पर मां काली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। वहीं मां काली को छत्तीसगढ़ी 56 व्यंजनों जैसे रोठरी, खुरमी, अईरसा, फरा, चीला, अंगाकर रोटी जैसे पकवानों व साग-भाजी से भोग लगाया गया, ये सभी पकवान व्यंजन मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा स्वयं तैयार किया गया, जो दर्शनार्थियों के बीच चर्चा बनी रही। दर्शकों ने इस प्रकार के छतीसगढ़ी व्यंजनों की 56 भोग की खूब सराहना की। संध्या महाआरती पश्चात माता का जगराता किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त माता की भक्तिमय सुमधुर भजन में मग्न झूमते रहे।

छत्तीसगढ़ी 56 व्यंजनों से माता को लगाया गया भोग

राज्यपाल रमेन डेका ने डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज डोंगरगढ़ पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सुपुत्र श्री स्वप्ननीलव डेका एवं परिजन भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राज्यपाल के साथ माँ बम्लेश्वरी की आराधना की। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुण्ड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका को कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर आईजी श्री दीपक झा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रशिक्षण श्री गजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अनिल गट्टानी, सह सचिव श्री बबलू शॉडिल्य, कोषाध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश मिश्रा, ट्रस्ट के अन्य सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

धर्म सेवा क्षेत्र में योगदान हेतु भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को राजनांदगाँव रत्न

माँ भगवती पर प्रवचन के साथ बागेश्वर धाम मे किया जायेगा सम्मान

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। संस्काराधानी में माँ बमलेश्वरी देवी संयुक्त सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में पदयात्रियों की सेवा अनवरत् रूप से दिन-रात की जा रही है। पदयात्री सेवा के साथ-साथ प्रतिदिन ढोल नगाड़ों के साथ पत्रकार बंधु, समाज सेवियों, धर्म सेवा संस्था के प्रमुखो, पदयात्रियों की उपस्थिति में संध्या महाआरती प्रतिदिन की जा रही है । महिलाओं बच्चों के लिए 1 दिन की धार्मिक विषयों पर व सामान्य ज्ञान पर प्रतियोगिता करवाई जा रही है । उक्त जानकारी देते हुए समिति के पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राकेश ठाकुर, निकुंज सिंघल, योगेश्वर साहू, सूरज गुप्ता ने बताया कि, उसके साथ ही सेवा व धर्म के क्षेत्र में अनवरत रूप से सेवा देने वाले, समाज सेवियों धर्म सेवी व्यक्तित्व को राजनांदगाँव रत्न से सम्मानित किया जाता है,पिछले नवरात्र में समाज सेवा छेत्र में डॉ डी सी जैन को प्रदाय किया गया था। इस नवरात्र में आयोजन समिति के सेवको व अध्यक्षद्वय संदेश जैन श्रीमती मधु खंडेलवाल व सभी की सर्वसम्मति से निर्णय लेकर इस में धर्म सेवा के क्षेत्र में राजनांदगाँव रत्न का सम्मान दिया जा रहा है । जो कि भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को दिया जा रहा है जो धर्म सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति ओजस्वी वाणी से जन-जन तक मानवता व धर्म का संदेश प्रसारित कर अपना धार्मिक योगदान दे रहे है। दिनांक-09 अक्टूबर को संध्या

5:30 बजे नवरात्र के पावन अवसर पर माँ भगवती की महिमा पर प्रवचन पं. विनोद गोस्वामी जी के श्रीमुख से किया जावेगा । तत्पश्चात् श्री बागेश्वर महादेव माँ बम्लेश्वरी दुर्गा माता की महाआरती के साथ-साथ राजनांदगाँव रत्न का सम्मान उन्हें, धर्म सेवा संस्थाओं, समाजो के प्रमुखो, की उपस्तिथि में आयोजन समिति द्वारा सम्मान प्रदाय किया जावेगा । आयोजन समिति के संरक्षकगण, डी सी जैन,श्रीमती शारदा तिवारी, कैलाश चंद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, रामावतार जोशी,हरजीत सिंह भाटिया, पदाधिकारीगण राजेश शर्मा,श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता ,मौसमी शर्मा,अमलेन्दू हाजरा, मधु अग्रवाल,शैलेन्द्र तिवारी, अजय गुप्ता, महेश शर्मा, मनीष यादव आदि के द्वारा संस्काराधानी के समस्त माता भक्तों, शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रवचन माँ भगवती की महिमा के प्रवचन व सम्मान समारोह में 5:30 बजे संध्या श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन हॉल में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है ।

स्टेशन पारा में हर्षोल्लास से मनाई जा रही नवरात्रि, निकली चुनरी यात्रा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रतिवर्ष शहर का दूसरा छोर स्टेशन पारा नवरात्रि के नौ दिनों में रोशनी से जगमग और माँ दुर्गा की भक्ति से सराबोर रहता है। प्रतिवर्ष क्षेत्र में नवरात्रि उत्सव के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ता चला जा रहा है, जिसके चलते बीस से भी अधिक समितियों द्वारा माँ शक्ति के विभिन्न रूपों की नयनाभिराम, मनोहारी मूर्तियाँ स्थापित की जाती है। प्रतिदिन हजारों की सँख्या में शहर के अन्य क्षेओं से लोग दर्शन करने पहुँच रहें है। इसी क्रम में 60 वर्षो से भी अधिक पुरानी , सोलाखोली स्टेशन पारा स्थित मिलन शारदा उत्सव समिति एवम दुर्गावाहिनी मंच की महिलाओं के तत्वावधान में पँचमी के दिन छोटी बच्चियों को माता के विभिन्न रूप में श्रृंगार करके ढोल-बाजे के साथ पैदल चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसके अंतर्गत गौरीनगर माँ दुर्गा मंदिर से स्टेशनपारा ओव्हरब्रिज

के अंतिम छोर तक बालस्वरूप माताओं द्वारा सभी देवी प्रतिमाओं को चुनरी भेंट की गई। उपरोक्त जानकारी समिति के आयोजनकर्ता श्री संजू बघेल द्वारा प्रदान की गई।

एबीस कंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य 2 वर्ष के लिये एमओयू हुआ

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। आज आई.बी.रूप के आर. के. नगर स्थित एबीस कंपनी के सिटी कार्यालय में शास. कमला देवी महिला कॉलेज के पिंसीपल श्री आलोक मिश्रा सर, श्री बी. के. सोनबर सायकोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी. कु. नीलम राम केमेस्ट्री विभाग के एच.ओ.डी. के साथ एबीस कंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य 2 वर्ष के लिये एमओयू हुआ। इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी, पूर्व प्रोफेसर रसायन शास्त्र, शास. कमला देवी महाविद्यालय भी उपस्थित थी। इस एमओयू से महाविद्यालय की छात्रायें एबीस कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, संयुक्त रूप से विभिन्न सेमीनार एवं कॉन्फ्रेंस का आयोजन, आधुनिक लैब, सयंत्र, पोल्ट्री, डेयरी आदि का समय-समय पर अवलोकन एवं अध्ययन कर सकेगी, साथ ही भविष्य में निकलने वाले रोजगार अवसर का भी लाभ उठा पायेगी।

लायंस गरबा उत्सव में पंचमी तिथि को बंगाली थीम ने गरबा के जमकर बिखेरे रंग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शारदेय नवरात्रि की पंचमी तिथि को लायंस इंटरनेशनल के गरबा उत्सव में बंगाली थीम? का जमकर जलवा बिखरा। बंगाली परिधान में सजी धजी युवतियों ने लाइव म्यूजिक के साथ पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन करते हुए सब का दिल जीत लिया वहीं गायत्री स्कूल के बच्चों ने भी गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर वाह-वाही बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन सिंह जी थे। लायन के गरबा उत्सव -2024 में अपने धर्म पत्नी श्रीमती पपीहा कौर के साथ उपस्थित हुए श्री सिंह जी ने इस भव्य आयोजन के लिए राजनांदगांव लायंस टीम को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर? पर मुख्य अतिथि श्री सिंह के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, रायपुर से पधारी सुजाता अग्रवाल, वैभव अग्रवाल दिनेश जैन सहित प्रेस क्लब के संरक्षक अशोक पांडे,सचिव अनिल त्रिपाठी, कवि साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम कोशा अमात्य, सबेरा संकेत के? सह- संपादक- ईश्वर साहू,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रमोद? शेंडे,आदि ने लायन अध्यक्ष तरणदीप सिंह अरोरा, बृजकिशोर सुरजन, राजा माखीजा ,श्रीमती शारदा तिवारी सुशील पसारी, डॉ ,गिरीश श्रीवास्तव कमल किशोर साहू, संतोष लोहिया, राजकुमार शर्मा आदि के साथ मां दुर्गा भवानी की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात धूमधाम के साथ प्रारंभ हुए रास गरबा उत्सव में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गरबा प्रेमियों ने पैतरे बदल- बदल कर जमकर गरबा खेले और मातारानी के चरणों में श्रद्धा समर्पण के पुष्प अर्पित किए। रंग- बिरंगी लाइट से आंखों को चुंधिया देने वाली रौशनी के बीच संगीत सरिता के कलाकारों द्वारा की जा रही लाईव म्यूजिक की प्रस्तुति से चारो ओर उमंग और उल्लास? का रंग बिखरा हुआ था इस बीच गरबा प्रेमी अपनी मनोहारी नृत्यों की प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस दौरान गरबा मंच में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, शर्मा बेकरी के आशीष शर्मा, भावना शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मनोज देवांगन, शुभम उपाध्याय, तुलसी गोतम, राधेश्याम आदि की भी उपस्थिति रही ।

गरबा प्रतियोगियो सहित गायत्री स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति ,पुरस्कारों की बौछार

शारदीय नवरात्रि पंचमी को पूरी भव्यता के साथ खेले गए आकर्षक गरबा नृत्य में खूब भालों परफॉर्मेंस के लिए नीतु जी प्रथम व बेस्ट ड्रेस्ड में गोपी साहू व भावना सिंह रही। इसी तरह बेस्ट परफॉर्मेंस में रोहित कोचर व नेहा साहू ने रंग जमाया। फ्टापफ्ट परफॉर्मेंस में सविता तिवारी,व मस्ती परफॉर्मेंस में मिश्री, काव्या,व टीमा सिंन्हा रही वहीं बेस्ट ड्युएल? में मोहित , दुर्गेश, वर्षा तिवारी व खुशी ताम्रकार आगे रही। गरबा की शक्तिशाली परफॉर्मेंस में कालीबाड़ी रूप,को चयनित किया गया वहीं स्पेशल प्राइज के लिए मोनिका शर्मा,व लवली परफॉर्मेंस के लिए लोकिता गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी विजेताओं को लायंस क्लब के पदाधिकारी व आगत?अतिथि जनों के द्वारा गिफ्ट हेंपर देकर ?सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लायंस क्लब के मनोज अग्रहरि, नंद कुमार अग्रवाल, डी आर यादव, ? सुरेश शर्मा, विजय कोड़ियां, रमेश गुप्ता, राजेश नागवानी आदि की उपस्थिति बनी रही।

ग्राम पंचायत बोइरडीह के सरपंच ने किया लाखों का फर्जीवाड़ा प्रेस वार्ता कर ग्रामीणों ने लगाया आरोप

भ्रस्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवाओं और ग्रामवासियों को डराने के लिए सरंपच ने थाना मे कराया एफआईआर

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईरडीह के सरपंच द्वारा शासकीय राशि में लाखों का गड़बड़ी किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता कर बताया। सरपंच के ऊपर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने 8 अक्टूबर 2024 को प्रेस वार्ता में बताया कि दिनांक 05-10-2024 को ग्राम सभा आयोजित की गई जहां ग्रामीणो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं जबकि निर्धारित समय होने के बाद भी वार्ड पंचो ने अपनी उपस्थिती नहीं दी थी। तत्पश्चात सचिव द्वारा सभी पंचो को पुन: दूरभाष के माध्यम से बुलाया गया जहां कुल 16 वार्डो से 4-5 पंचो ने अपनी उपस्थिती दी। पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणो कि अनुमति से ग्राम सभा प्रारम्भ किया गया। सचिव द्वारा ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों से पंचायत के निम्न जानकारी के बारे मे प्रश्न पुछने कहा गया जिसमें प्रश्न कि शुरुआत घर टैक्स से हुआ जहां वार्ड न 09 के पंच शिवराम साहू द्वारा टैक्स वसूली कि जवाबदेही होने पर कुल टैक्स वसूली कि जानकारी वार्ड पंच द्वारा नहीं दिया जा सका जिसमे सरपंच ने भी अपना पल्ला झाड़ लिया । जिसके चलते मकान टैक्स मे राशि गबन होने का ग्रामीणों ने आवाज उठाया । बताया गया वार्ड पंच शिवराम साहू द्वारा टैक्स वसूली के दौरान ग्रामीणों को डराया जाता था कि अगर आप मकान टैक्स कि राशि जमा नहीं करते है तो आपका राशन बंद कर दिया जाएगा एवं पंचायत के किसी भी कार्य मे आपको मजदूरी नहीं दिया जाएगा । जिसके चलते ग्रामीणो ने डर के कारण अपना मकान टैक्स को शिवराम साहू के पास जमा किया गया परंतु ग्राम सभा के दौरान पुछने पर हिसाब नहीं दिया जा सका । वहीं सचिव ने अन्य विषयो पर चर्चा किए अजेंडा समाप्त होने के बाद ग्रामीणो ने पिछले दो साल मे किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया जिसमे लोक सभा चुनाव मे पंचायत द्वारा 57000 कि राशि खर्च किया जाना पाया गया जिसका हिसाब पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा नहीं बताया जा सका।

पंचायत से स्टाक पंजी गायब होने पर लगा प्रश्न चिन्ह

वहीं ग्राम सभा में नये पदस्थ सचिव द्वारा बताया गया की ग्राम पंचायत मे क्रय सामाग्री स्टॉक पंजी ही नहीं और ना ही स्टॉक पंजी के बारे मे किसी को जानकारी नहीं होने पर तत्कालीन रहे सचिव जांगड़े पर भी साधा निशाना। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर खर्च को लेकर माह फरवरी 2024 में हुये विकसित भारत संकल्प यात्रा मे पंचायत द्वारा 64700 रुपये कि राशि खर्च के संबंध मे भी पंचायत द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया उसी प्रकार कैश बुक मिलान कार्य हेतु 323824 रुपए कि राशि व्यय किया गया है जिसकी जानकारी भी नहीं दिया गया। गली लाइट हेतु बिजली विभाग से बिजली कनैक्शन नहीं लिए जाने कि बात सामने आई परंतु सिर्फ़ गली लाइट मरम्मत के नाम पर पंचायत द्वारा 175000 रुपये खर्च किए जिसके बावजूद एक भी तार नहीं बदला जाना पाया गया और न ही किसी प्रकार कोई मरम्मत किया गया । गलियों के मुरमीकरन मे पंचायत द्वारा पिछले दो साली मे 35500 रुपये खर्च होना बताया गया परंतु ग्रामीणो ने पंचायत के किसी भी गली मे मुरमी नहीं बिछाने कि बात कही। तालाब मे पचरीकरण के नाम पर 200300 रुपए राशि खर्च किया गया। परंतु तालाब के सिर्फ02 पचरी मे दीवाल घेरा कार्य कराया गया जहा दीवाल आधा अधूरा एवं 200300 रुपए की राशि खर्च करने के बाद भी छवाई तक नहीं किया जा सका है। वर्ष 2022-23 मे नलजल मरम्मत के नाम पर 481688 रु एवं वर्ष 2023-24 मे 321700 रु नलजल मरम्मत के नाम पर कुल 803388 (आठ लाख तीन हजार तीन सौ अठासी रु)। ग्रामीणो ने कहा की मरम्मत हेतु लाखो रु खर्च करने बाद भी आज वार्डवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे है ।

लाखों रुपए हुए खर्च आखिर गया किसके खाते में

पंचायत के पदाधिकारीयो द्वारा पंचायत का स्टॉक पंजी गुम हो जाना बताया गया । मजदूरी भुगतान की जानकारी लेने पर पाया गया कि कई मजदूरी भुगतान ऐसे भी है जो सीधे व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गये है जिसमे स्वयं वार्ड पंच तथा सरपंच, पंच के परिवार के सदस्यो के नाम शामिल है जहां 72500 रु व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गए है । 15 अगस्त 2023 मे 10000 एवं 26 जनवरी 2024 मे 15000 रु मिष्ठान क्रय हेतु कुल 25000 रु राशि का भुगतान पंचायत द्वारा किया गया जिसकी जानकारी किसी को नहीं होना पाया गया । पंचायत के 04 स्थानो पर सोखता गड्ढा निर्माण कि राशि पंचायत द्वारा 37875 रु किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका । कचरा ढुलाई कार्य मे पंचायत द्वारा 01 वर्ष मे 38700 रु राशि खर्च किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका । पेंटिंग कार्य मे पंचायत द्वारा 01 वर्ष मे 27718 रु राशि खर्च किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका ।

इसके अलावा अन्य कार्यो का जायजा लिया गया जहां पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा जवाब नहीं देते हुए धीरे धीरे ग्राम सभा छोड़ कर भागने लगे। पंचायत द्वारा अप्रैल 2024 से अब तक किसी भी प्रकार के बिल का भुगतान नहीं किया है जिसका जायजा लिया गया जहां कुल 449918 रु कि राशि का भुगतान शेष होना बताया गया जिसमे मजदूरी भुगतान भी शेष है। ग्रामीणो ने कहा कि जब छोटे छोटे कार्यो के नाम पर पंचायत ने इतनी गड़बड़ी कि है तो अन्य कार्यो मे कितनी राशि खर्च किया होगा जिसका जवाब आज पंचायत नहीं दे पा रहा है ।

ग्रामीणो ने उपरोक्त गड़बड़ियों कि जांच हेतु पंचायत से प्रस्ताव बनाने की बात कही इस दौरान पंचायत के सरपंच श्रीमति बेदेश्वरी साहू एवं अन्य वार्ड सदस्य ग्राम सभा समाप्त करने की बात कही जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं तत्काल प्रस्ताव बनाने की मांग कि जहां सचिव द्वारा 07 दिवस का समय मांगा गया है । ग्रामीणो ने कहा की अगर जांच हेतु 07 दिवस के भीतर प्रस्ताव नहीं बनता है तो इसकी शिकायत सीधा कलेक्टर राजनांदगाँव से किया जाएगा तथा जांच कर दोषियो पर कड़ीकार्यवाही हेतु ज्ञापन भी सौपा जाएगा ।

गणेश पंडालो में चढ़े फूलों से अगरबत्ती तैयार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गणेश पंडालो में चढ़े फूलों से अगरबत्ती तैयार की गई है जिसे मार्केट में लाया जा रहा है। देवी-

देवताओं में चढ़े आस्था के फूल अगरबत्ती के नाम से बिक्री की जा रही है जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा इसी को देखते हुए 500 गणेश पंडालों से एकत्रित फूल को सुखाकर अगरबत्ती बनाई गई है। इन दिनों दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों में चढ़े फूलों को एकत्रित हरियाली बहिनी द्वारा की जा रही है। हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया हरियाली बहिनी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयास के तहत् अविभाजित राजनांदगांव जिले में दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों से फूल एकत्रित कर अगरबत्ती रंग, गुलाल एवं अन्य उत्पाद के लिये उपयोग किया जायेगा इसके साथ ही दुर्गा, काली, सरस्वती समिति से निवेदन कर रहें हैं कि वे फूलों को नदियों, तालाबों में न बहाये इसे सुखाकर बर्फानी आश्रम, चवेली कार्यालय राजनांदगांव एवं बम्लेश्वरी महिला प्रोड्यूसर कंपनी फागमार तथा हरियाली बहिनी के पास दिया जाय ताकि फूलों का सदूपयोग किया जा सके।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक सहित माँ बम्लेश्वरी के दर्शन किए

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शारदीय नवरात्रि के छठे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी बम्लेश्वरी माता मंदिर डोंगरगढ़ पहुंचकर

आज माता का दर्शन किए और पूजा अर्चना किए. जिला व प्रदेशवासियों के लिए माता रानी से प्रार्थना किया और माता रानी की कृपा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण माता रानी के दर्शन किए।

सेक्टर स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता दिग्विजय बनी उपविजेता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सेक्टर स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन

शास.पी.जी.महाविद्यालय कवर्धा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में दिग्विजय की टीम ने शासकीय महाविद्यालय पिपरिया को 25-20, 25-19 से पराजित किया। दुसरे मैच में सेमीफाइनल में शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चैकी को 25-20, 18-25 तथा तीसरे सेट में 15-10 से पराजित किया। फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय कवर्धा और दिग्विजय का खेला गया, जिसमें कवर्धा ने दिग्विजय महाविद्यालय को शासकीय दिग्विजय 25-19 से पराजित किया। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी श्री अरूण चैधरी ने बताया कि महाविद्यालय की टीम के कप्तान चन्द्रेश साहू तथा टीम के अन्य सदस्य यश साहू, योगानन्द गोस्वामी, कृष्ण सोनी, वेदप्रकाश सोनी, कुलदीप, विवके तिवारी, करण, अविनाश, डीकेन्द्र थे।

शुभांक

2-5-8

578-0 268-6

भाग्यांक

250-7 578-0

सैकड़ों किसानों ने घेरा कुमरदा तहसील कार्यालय, सहकारी बैंक की शाखा की मांग

5 मुद्दों को लेकर आयोजित प्रदर्शन में जुटे दर्जनों गांव के किसान

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना प्रमुख मांग सहित अन्य चार मांगों को लेकर दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन किया। दर्जनों गांवों के प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि, हमारी मांगों को लेकर ये शुरुआती चरण का आंदोलन है। अगर, इस पर अमल नहीं होता है तो यह अभियान और भी जोर-शोर से चलेगा। किसान संघ की कुमरदा तहसील इकाई के बैनर तले कुमरदा में मंगलवार को किसान अधिकार यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। महिलाएं भी इस प्रदर्शन का हिस्सा बनीं। विगत माह एक बैठक में किसानों ने तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांगों पर अभियान छेड़ने की रणनीति बनाई थी। इसके तहत ही मंगलवार को तहसील मुख्यालय में किसान एकता के नारे के साथ मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया गया। किसान नेता चंदू साहू ने कहा कि, क्षेत्र के दर्जनों गांव समस्या ग्रस्त हैं। सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा यहां न होने से किसानों को डोंगरगांव तक दौड़ लगानी पड़ती है। वहां हमेशा ही लंबी कतार होती हैजिसके चलते एक दिन में किसानों का कार्य नहीं हो पाता। उन्हें बार ङ्क बार फेरा लगाना पड़ता है। इस परेशानी को पहले भी सामने रखा गया लेकिन अब तक इस पर कोई नतीजा नहीं आया है। इसके अलावा बिजली की अघोषित कटौती, पूर्ववर्ती सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना की आखिरी किस्त का भुगतान भी अब तक लंबित

है। किसानों को इससे लाखों का फायदा मिलना है। ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा भी जरुरी मांग है। वहीं हसदेव में जंगल की कटाई तो राष्ट्रीय मुद्दा है। प्रदर्शन में शामिल हुए किसानों ने कहा कि, कुमरदा में शाखा संचालित की जानी चाहिए जिससे आसपास के तकरीबन 40 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। हमने मिलकर इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। कुल पांच मुद्दों पर हमने आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा है।

आर.सी.ए. ने 6 विकेट से हराया नायडू क्रिकेट ऐकेडमी भिलाई को हराया

ऐकेडमी हित देवांगन नाबाद 28 रन मैन ऑफ दी मैच घोषित किया

धीरज तिवारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कमला कॉलेज मैदान में पिंच फूल टफ विकेट में मैच खेला गया। कप्तान हित देवांगन टास जीतकर पहला फिल्डिंग का निर्णय लिया। लोव स्कोरिंग मैच नायडू क्रिकेट एकेडमी ओपनिंग जोड़ी में जल्दी आंउट हो गया था। विश्वदीप साहू 08 दिव्यांश बोल्ड किया। राजवीर सिंह 6 रन, 35 रन अतिरिक्त गया। भिलाई की पूरी टीम 17.3 बाल 75 रन बनाकर आल आउट हो गई। आर.सी.ए. की ओर से गेंदबाजी कर क्रमश: दिव्यांशु 2 विकेट, आयान खान 2 विकेट सायना खान 3 विकेट, आर.सी.ए. की शानदार फिल्डिंग समान भिलाई समान टीम 75 ऑल ओव्हर आर.सी.ए. की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनिंग जोड़ी में हित देवांगन और आयान शर्मा पहला विकेट जल्दी गिर गया क्रमश: आयान खान ने 09 रन, दिव्यांशु 04 रन, विश्वदीप साहू कैच ऑउट क्रमश: आयान खान 09 रन, दिव्यांशु 04 रन, 31 रन भिलाई की टीम अतिरिक्त रन दिये। मैच के अम्पायर रोहित और मयंक। ऑनलाईन स्कोरिंग आयान खान । समिति की ओर से शुभकामनाए व ऐकेडमी परिवार की ओर से ट्राफी दी गई। कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं जिला क्रिकेट संघ की ओर से अध्यक्ष श्रीमान सुशील कोठारी जी, सचिव योगेश बागड़े जी, जीत की शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपलब्धियां

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विगत पांच वर्षों में अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाया है। इनमें से कई शोध परियोजना के अंतिम रिपोर्ट फॅडिंग एजेंसियों एवं विभिन्न आयोगों को भेजी जा चुकी है और कुछ शेष शोध परियोजना पर अभी शोध व अनुसंधान जारी है। एक शोध परियोजना की अंतिम रिपोर्ट एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को भेजी गई है। यह गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग से महाविद्यालय को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का इंडलाइन सर्वे हेतु 6 लाख 80 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस इंडलाइन सर्वे में दुर्ग संभाग के मतदाताओं के ज्ञानए अभिवृत्तिए दृष्टिकोण एवं व्यवहार पर शोधपरक अध्ययन करना था तथा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करना था। इस शोध परियोजना की विशेष बात यह थी कि इसे दो माह की अल्प अवधि में पूर्ण करने की अनिवार्यता थी और भारत निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने थी। इस अल्पावधि में 20 विधानसभा के मतदाताओं के ज्ञानए अभिवृत्तिए दृष्टिकोण एव व्यवहारों का शोध प्रविधि को ध्यान में रखते हुए उत्तरदाताओं तक संपर्क स्थापित करनाए उनसे प्राप्त उत्तरों को प्रश्नावली में लिपिबद्ध करनाए एसएपीएसएएसएण् सॉफ्टवेयर में डाटा फिड करनाए डाटा विश्लेषण करना और विस्तृत अंतिम रिपोर्ट तैयार करना. एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य थाए लेकिन महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने इस चुनौती को न सिर्फ स्वीकार किया बल्कि समय पर रिपोर्ट तैयार करके भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित समयावधि में प्रेषित करने का साहस भी किया।

ग्राम चाबुकनाला में बेहतर संचालन से हर घर में नल से मिल रहा शुद्ध पेयजल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जल जीवन मिशन योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत घोरतलाव के आश्रित ग्राम चाबुकनाला में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर पाईप लाइन का विस्तार कर हर घर में नल लगाया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य बेहतर रूप में क्रियान्वन करते हुए ग्राम चाबुकनाला के ग्रामीणों के 48 परिवारों में सोलर के माध्यम 24 घंटे शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। सरपंच श्रीमती लीलाबाई कोठारी ने बताया कि पहले उनके ग्राम में पानी की काफी समस्या थी। कई बार अन्य ग्रामों से टैंकर के माध्यम से पानी मंगाया जाता था। अब जल जीवन मिशन के तहत उनके ग्राम में पाईप लाइन बिछाकर हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है। घर-घर में नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक सतत अभियान चलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्राम में आज नल से जल के बेहतर उपयोग और बहने वाले पानी के सदुपयोग, सोखता गड्ढा निर्माण सहित जल संरक्षण के लिए समय समय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे गांव में जल संरक्षण और जल के बेहतर उपयोग करने के प्रति जागरूकता आयी है। गांव के वार्ड नंबर 9 एवं 10 की निवासी श्रीमती क्रांति बाई कंवर एवं श्रीमती गीता बाई ने बताया कि पहले हैंडपंप के माध्यम से अपने घरों के लिए पानी लाती थीं। हैंडपंप के सामने लम्बी लाइन लगानी पड़ती थी। काफी मशक्कत के बाद पानी मिलता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगने के बाद पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिसका उपयोग पेयजल सहित निस्तारी के लिए करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व गृहमंत्री मान श्री ताम्रध्वज साहू नवनिर्मित धर्मशाला भवन लोकार्पण में शामिल होगें

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। जिला राजनांदगांव के सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में दिनांक 10 अकटूबर 2024 दिन- गुरुवार दोपहर समय- 02.00 बजे छत्तीसगढ़ राज्य शासन अंतर्गत धार्मिक न्यास, धर्मस्व विभाग एवं पर्यटन बोर्ड के माध्यम से एतिहासिक सदगुरु कबीर मॅदिर/आश्रम हेतु नवनिर्मित धर्मशाला कक्ष लागत राशि 10.00 लाख रुपये की निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसका विधिवत् लोकार्पण किया जाएगा, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान श्री ताम्रध्वज साहू जी पूर्व गृहमंत्री, जेल लोकनिर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन बोर्ड के पावन करकमलों दवारा सपंन होगी। अध्यक्षता- मा श्रीमान दलेशवर साहू जी विधायक डोंगरगांव, और विशेष अतिथि :---मान श्री भागवत साहू जी अध्यक्ष ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, मान श्री गुलाब वर्मा जी, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, मान श्री महेंद्र यादव जी सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14, मान श्री सुरेश सिन्हा जी अध्यक्ष, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, मान श्रीमती अनिता रामखिलावन साहू सदस्य जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25 डोंगरगढ, मान श्रीमती अनिता तामेशवर वर्मा जी सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरी, मान श्री मिथलेश सिन्हा जी उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, मान श्री नेतराम साहू जी ग्राम पटेल पेंडरी इस शुभ अवसर पर परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब जी, ज्योति कुंज कबीर आश्रम मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। ज्ञात हो कि सदगुरु कबीर आश्रम में विगत दस वर्षों से गुरुपूर्णिमा चातुर्मास पर्व से देव उठनी एकादशी तक आध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं नवनिर्मित धर्मशाला भवन लोकार्पण समारोह के पावन उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री पुराणिक साहू कृत लहरगंगा की प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष श्री फ्लेश कुमार साहू जी ने दी है।

ज्ञान मंथन

1) हाल ही में खबरों में रही न्याशी जनजाति किस राज्य का सबसे बड़ा जातीय समूह है?

2) भारतीय सेना के ग्रीष्मकालीन उत्सव का भव्य समापन कहाँ हुआ है?

3) कोरी निवेशिका कहाँ स्थित है?

4) कवक की कोशिका भित्ति किसकी बनी होती है?

5) हाल ही में नीली चीटी की खोज कहाँ हुई है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) अरूणाचल प्रदेश (2) लद्दाख (3) कच्छ का रन (4) काइटिन (5) अरुणाचल प्रदेश

वीरता और साहस की प्रतीक मां कालरात्रि

अरविन्द तिवारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । या देवी सर्वभू ?तेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन यानि आज मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा-अर्चना के लिये समर्पित होता है। मां कालरात्रि को काली , महाकाली , भद्रकाली , भैरवी , मृत्यु , रुद्रानी , चामुंडा , चंडी , रौद्री और धुमोरना देवी के नाम से भी जाना जाता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। जगत्जननी माँ दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों में माँ कालरात्रि का रूप सबसे शक्तिशाली है , पृथ्वी को बुरी शक्तियों से बचाने और पाप को फैलने से रोकने के लिये माँ दुर्गा अपने तेज से इस भयंकर रूप को प्रकट की थी।ऐसी मान्यता है कि मां कालरात्रि की कृपा से भक्त हमेशा भयमुक्त रहता है उसे अग्नि , जल , शत्रु आदि किसी का भी भय नहीं होता। नवरात्रि के सातवें दिवस पूजनीया मां कालरात्रि के बारे में अरविन्द तिवारी ने बताया कि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में कालरात्रि एक है। मां के इस रूप को मर्यकर माना जाता है। इनका शरीर अंधकार की तरह काला है , काले रंग के कारण ही इनकों कालरात्रि कहा गया है , इसे काली मां का ही रूप माना जाता है। इनके श्वांस से आग निकलती है , मां के बाल बड़े और बिखरे हुये हैं और गले में पड़ी माला बिजली की तरह चमकती रहती है। मां कालरात्रि को आसरिक शक्तियों का विनाश करने वाला बताया गया है। इसके साथ ही मां के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल व गोल हैं। मां के चार हाथ हैं जिनमें एक हाथ में खड्ग अर्थात तलवार , दूसरे में लौह अस्त्र , तीसरे हाथ अभय मुद्रा में है और चौथा वरमुद्रा में है। इनका वाहन गर्दभ अर्थात गधा है जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे ज्यादा परिश्रमी और निर्भय है। मां इस वाहन पर संसार का विचरण करती हैं। गले में एक सफेद माला धारण करती हैं। देवी का यह स्वरूप तमाम ऋद्धि-सिद्धियों प्रदान करता है। इनकी उपासना से नकारात्मक ऊर्जा का असर नहीं होता है. ज्योतिष में शनि नामक ग्रह को नियंत्रित करने के लिये इनकी पूजा करना अदभुत परिणाम देता है। मां अपने इस रूप में भक्तों को काल से बचाती हैं अर्थात जो भक्त मां के इस रूप की पूजा करता है उसे अकाल मृत्यु नहीं होती है। कहा जाता है कि मां कालरात्रि

की पूजा करने वाले भक्तों को किसी भूत, प्रेत या बुरी शक्ति का भय नहीं सताता। मां दुर्गा ने असुरों के राजा रक्तबीज सहित मधु-कैटभ जैसे असुरों का संहार करने के लिये अपने तेज से मां कालरात्रि को उत्पन्न किया था। पौराणिक कथा के मुताबिक दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में अपना आंतक मचाना शुरू कर दिया तो देवतागण परेशान हो गये और भगवान शंकर के पास पहुंचे , तब भगवान शंकर ने देवी पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने के लिये कहा। भगवान शंकर का आदेश प्राप्त करने के बाद पार्वतीजी ने दुर्गा का रूप धारण किया और शुंभ-निशुंभ का वध किया।? लेकिन जैसे ही मां दुर्गा ने रक्तबीज को मारा उसके शरीर से निकले रक्त की बूंदों से लाखों रक्तबीज उत्पन्न हो गये , तब मां दुर्गा ने मां कालरात्रि के रूप में अवतार लिया। मां कालरात्रि ने इसके बाद रक्तबीज का वध किया और उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को अपने मुख में भर लिया जिससे रक्तबीज का रक्त जमीन पर नही गिरा और रक्तबीज पुनर्जीवित नही हो पाया। इस तरह माता कालरात्रि की कृपा से धरती को राक्षसों से मुक्ति मिली। मां कालरात्रि व्यक्ति के सर्वोच्च चक्र, सहस्त्रार को नियंत्रित करती हैं , यह चक्र व्यक्ति को अत्यंत सात्विक बनाता है और देवत्व तक ले जाता है। इस चक्र तक पहुंच जाने पर व्यक्ति स्वयं ईश्वर ही हो जाता है , इस चक्र पर गुरु का ध्यान किया जाता है। इस चक्र का दरअसल कोई मंत्र नहीं होता , नवरात्रि के सातवें दिन इस चक्र पर अपने गुरु का ध्यान अवश्य करें। षोडशोपचार मां की पूजा के पश्चात ।ळ्ळं देवी कालरात्र्यैं नमः॥ मंत्र का जाप करें और मां को लाल फूल अर्पित करके गुड़ का भोग लगायें। श्रद्धापूर्वक मां की पूजा आराधना करने से मां हमेशा अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं और शुभ फल प्रदान करती हैं , इसलिये मां के एक नाम शुभंकरी भी पड़ा।जगज्जननी माँ दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों में माँ कालरात्रि का रूप सबसे शक्तिशाली है। नवरात्र की सप्तमी तिथि को सुबह-शाम दोनों समय माता कालरात्रि के 108 नाम का श्रद्धा पूर्वक जप करने वाला साधक माता कालरात्रि की विशेष कृपा का अधिकारी बन जाता है। उपकर्ता अपने सामने तांबे के कलश में जल भकर उसके उपर गाय के घी का दीपक जलावें। अगर संभव हो तो नाम जप के बाद इन सभी नामों का उच्चारण करते हुये हवन कुंड में आहुति भी डालें।

माँ कालरात्रि का स्वरुप

माँ कालरात्रि का स्वरुप भयानक है मगर वह सदैव शुभफल देने वाली है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। अत: इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार की भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नही है। माँ कालरात्रि की स्मरण मात्र से नवग्रह बाधायें दूर हो जाती है। उनकी आराधना सेअग्निभय,चोरभय,शत्रुभय सब दूर हो जाता है और मुक्ति मिल जाती है।

माँ कालरात्रि के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है इसलिये इसे कालरात्रि भी कहा जाता है। इनके सिर के बाल बिखरे हुये हैं और गले मे विद्युत के समान चमकने वाली माला है। उनके शिवजी की तरह तीन नेत्र हैं अर्थात वह त्रिनेत्री हैं। ये तीनों नेत्र ब्रम्हाण्ड के समान गोल है जो हमारे अंतर्मन का प्रतीक है। इनकी नासिका से अग्नि के समान भयंकर ज्वालामुखी निकलती है।उनका वाहन गदर्भ अर्थात गधा है। इनका एक हाथ वरमुद्रा और एक हाथ अभयमुद्रा मे है। बाकी के दो हांथो मे से एक मे लोहे का एक काँटा और दुसरे हाथ मे खड्ग है। इसप्रकार माँ कालरात्रि का स्वरुप सभी प्रकार के दुखों का निवारण करती हैं। इनका प्रिय पुष्प रातरानी है , इनका प्रिय रंग लाल है , आज के दिन माँ को गुड़ जरूर अर्पित करना चाहिये।

चुनाव आयोगईसाई रीति रिवाज से कर रहा था अंतिम संस्कार

गांव वालो लगाई रोक

डोंगरगांव । थाना मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर छुरिया रोड में स्थित ग्राम पंचायत कोकपुर के आश्रित ग्राम अरसीटोला में श्यामचंद

धनकर अपने परिवार के साथ धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपना चुके है। करीब 10 साल बीत जाने के बाद आज शयमचंद धनकर का पिता मूलचंद धनकर की मृत्यु हो गया और वो अपने पिता मूलचंद धनकर का अंतिम संस्कार ईसाई धर्म के अनुसार करने वाला था की समस्त ग्रामवासी मौके में पहुंच कर रोक लगाई और गांव वालो का कहना है की जो रीति रिवाज चल रहा है, मृत्यु के बाद मुंडन, नहावान विधि विधान के अनुसार अंतिम संस्कार गांव में जो परंपरा चला आ रहा है वैसे ही वैसे ही मृतक मूलचंद का भी अंतिम संस्कार हो, अन्यथा न हो, जिसके चलते शायमचंद धनकर के द्वारा थाना को लिखित में देकर अपने पूरे परिवार की सहमति ग्रामीणों प्रति जाता कर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया।

आसरा में लोक रागिनी मिलाई का कार्यक्रम आज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मातेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी आसरा के तत्वाधान में 09 अक्टूबर 2024 बुधवार रात्रि-8.00 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कलामंच लोकरागिनी मरोदा (भिलाई), लोक गायिका - मालती निषाद, रिखी क्षत्रिय का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि- टीकेश साहू अध्यक्ष, ज.पं. डोंगरगाँव व अध्यक्षता श्रीमती जागति चुन्नी यदु सदस्य, जि.पं. राजनांदगाँव करेंगे । विशिष्ट अतिथि -रजत कुमार साहू, श्रीमती अहिल्याबाई पंचारी सरपंच, ग्रा.पं. आसरा, श्रीमती गीताबाई वैष्णव उपसरपंच, ग्राम पं. आसरा, परमाराम साहू अध्यक्ष, ग्राम समिति आसरा, गंगाराम कंवर जी (अध्यक्ष, शाला विकास समिति, आसरा, राजाराम पंचारी पूर्व सरपंच, ग्रा.पं. आसरा, पृथ्वीराम निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष निषाद समाज, छब्बूलाल साहू, मदनलाल साहू, ओमकार साहू, भागचंद साहू, चिरंजीवदास मानिकपुरी, डॉ. कोमल कुमार उइके, सतानंद दुबे, बेलशराम साहू, आधार चन्द्रवंशी, रामदीन जगने, अमरलाल चन्द्रवंशी, नीरज कुमार सिन्हा, परमेश्वर कुमार धनकर जी श्री डॉ. लखन साहू उपस्थित रहेंगे । यह जानकारी आयोजक समिति के शिव निषाद ने दी ।

निधन

घनश्याम साहू

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लखोली वार्ड क्रमांक 36 गौठान चौक निवासी घनश्याम साहू (75 वर्ष) का आज 08अक्टूबर दिन मंगलवार समय सुबह 2:00 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान लखोली गौठान चौक से 12:00 बजे निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, एक पुत्र व तीन पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे युवराज साहू पंचायत सचिव के पिताजी थे।

ग्राम पंचायत कापा में आवास के आभाव में कला मंच बना आशियाना

जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम कापा जहा 200 घर है जिनमें 80 से 85 घर ऐसे है जो अतिगरीबी रेखा में आते है इनके पास खेती के नाम पर या कहे कृषि भूमि के नाम पर मात्र आधा एकड़ या एक एकड़ के करीब ही जमीन है। सोचिए जिस किसान के घर में मात्र 50 डिसमिल या 1 एकड़ जमीन हो और उसमें अन्न का उत्पादन कर उसमें 5 से 7 सदस्यों का परिवार चलाना हो तो कैसे चला सकता है । क्या वो किसान अपने बच्चों को अच्छी से शिक्षा दीक्षा दे सकता है घ् क्या वो किसान परिवार इस स्थिति में रहकर पाँच दिन आराम कर ले तो क्या परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो पायेगी घ् क्या इस स्थिति में रहने वाला परिवार अपने रहने के लिए एक मकान बना सकता है घ् क्या इस तरह के परिवार के मुखिया का नाम गरीबी रेखा में नही आयेगा घ् जवाब साीधा सा है गरीबी रेखा में ही आयेगा पर विडम्बना ऐसी है कि ग्राम पंचायत कापा में सन 2010-11 में गरीबी रेखा का ये सवे किया गया है उसमें ऐसे 85 परिवारों को टोटल छोड़ दिया गया है।

सरपंच ने कहा आवास हेतु आवेदन और निवेदन सबको पर कांवाही जीरो - ग्राम पंचायत कापा की सरपंच चैतीबाई जोशी ने प्रतिनिधि को बताया कि पीड़ित परिवारो का नाम गरीबी रेखा में जोड़ने और उनके नाम पर आवास के लिए राशि स्वीकृति प्रदान करने जिलाधीश महोदय, जिले के सासंद, विधायक सबको आवेदन देकर इन परिवारो के लिए आवास प्रदान करने की मांग कर चुकी हूँ पर आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नही हुई है। घर ही नही तो कला मंच बना आशियाना - ये कहानी है उस गरीब महिला कांति नेताम की जिनके पास कृषि के नाम पर मात्र 50 डिसमिल की भूमि है किसी तरह एक छोटे से कच्चे मकान में अपने पति के साथ रहकर जीवन निर्वहन करते रही पर बारिश के चलते चार साल पहले ही वह मकान डह गया । रहने का कोई ठिकाना ना देख ग्राम पंचायत की ओर से ग्राम में निर्मित कला मंच को ही उन्हे उनका अपना आशियाना के रूप में दिया गया । जहा रहकर ये परिवार आज गुजर-बसर कर रह है ।

नीचे माँ बम्लेश्वरी व शीतला मंदीर ज्योति कलश उठाने के लिए ज्योति बिल्ला का वितरण

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। क्वाँर नवरात्र के पर्व पर नीचे माँ बम्लेश्वरी व शीतला मंदीर के ज्योति का कलश का बिल्ला वितरण किया जाना है। समस्त भक्तजनों को सुचित किया जाता है कि श्री बम्लेश्वरी मॅदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित क्वांर नवरात्रि पर्व 2024 के अन्तर्गत 12 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा परम्परागत अनुसार पूर्व निर्धारित मार्ग से कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिन श्रृद्धालुओ में नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किये है वे 10 अक्टूबर 2024 एवं 11अक्टूबर 2024 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संध्या 4 से संध्या 6 बजे तक ज्योति कलश उठाने का बिल्ला ज्योति कार्ड लाकर नीचे मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर लेवें ।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी की बैठक 14 अक्टूबर को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव की साधारण सभा बैठक 14 अक्टूबर 2024 शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त, निगम में दी गई बिदाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 4 कर्मचारी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निगम सभागृह में आयोजित बिदाई समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित उनके परिजनों की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थितजनो ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई दरोगा श्री भूषण मेश्राम सहित सफाई कामगार श्री भोला सुखरू, श्री सल्लू पन्नू एवं श्रीमती सावित्री डागेश्वर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।बिदाई समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने कहा कि निगम परिवार के 4 सदस्य सेवानिवृत्त हुये, जिन्हें आज बिदाई दी जा रही है। लंबे समय से सफाई विभाग में इन्होंने अपनी सेवायें दी, इनके जाने से कार्य तो प्रभावित होगा, लेकिन सरकारी प्रक्रिया का पालन कर सेवानिवृत्त करना पडेगा। उन्होंने कहा कि चारो कर्मचारी अब अपने आगे का जीवन परिवार के साथ व्यतीत कर परिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करे, यही भगवान से प्रार्थना है। वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा ने कहा कि लंबे समय से काम कर परिवार से जाने का दुख तो होता है पर सरकारी नियम से बंधे है। इन्होंने अपने काम को इमानदारी व निष्ठा से किया, मै चाहूँगा कि निगम से जो राशि इन्हें मिलेगी उसको सुरक्षित रखकर परिवारिक दायित्वों के निर्वाहन में उपयोग करे। निगम के अधिकारियों से भी चाहूंगा कि उनकी शेष राशि का भुगतान जल्द करे। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि कई वर्षो का सफर तय कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय का स्वास्थ्य विभाग सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है, यहां काम करना बहुत कठिन है, जो हर व्यक्ति के बस की बात नहीं है, उस काम को इन्होंने बहुत अच्छे से निभाया मैं इनके सुखमय जीवन की कामना करता हूँ। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि निगम का सबसे महत्वपूर्ण विभाग स्वास्थ्य विभाग होता है, जहाँ इन्होंने सेवा देकर

अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन किये, मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। बिदाई समारोह में आभार प्रदर्शन एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

धर्म समाचार....

10 या 11 अक्टूबर, कब है अष्टमी? सही डेट एवं पूजा का शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। इस दौरान मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इसके साथ ही मां दुर्गा के निमित्त व्रत रखा जाता है। इस व्रत को रखने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषियों की मानें तो अष्टमी तिथि पर शिववास योग का निर्माण हो रहा है। हर वर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक शारदीय नवरात्र मनाया जाता है। इस वर्ष 03 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्र है। इस दौरान जगत की देवी मां दुर्गा और उनके शक्ति स्वरूपों की पूजा की जा रही है। साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जा रहा है। धार्मिक मत है कि मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को पृथ्वी लोक पर स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी प्रकार के दुख, भय और संकट दूर हो जाते हैं। हर वर्ष की भांति सप्तमी तिथि के अगले दिन अष्टमी मनाई जाएगी। हालांकि, अष्टमी तिथि को लेकर साधक दुविधा में है। आइए, शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

दुर्गाष्टमी शुभ मुहूर्त - आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 अक्टूबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी। इसके बाद नवमी तिथि शुरू होगी। नवमी तिथि पर पूजन और हवन किया जाता है। इसके अगले दिन दशहरा मनाया जाएगा।

कब है अष्टमी ? - प्रकांड पंडितों एवं धर्म जानकारों की मानें तो शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की पूजा निशा काल में होती है। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि मां काली को समर्पित है। इस तिथि पर मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। एक ही तिथि पर सप्तमी-अष्टमी पड़ने पर अष्टमी व्रत मां कालरात्रि को समर्पित तिथि पर नहीं किया जाता है। इसके अगले दिन अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इसके लिए अष्टमी व्रत 11 अक्टूबर को रखा जाएगा। वहीं, नवमी पूजन एवं हवन भी 11 अक्टूबर को किया जाएगा। साधक 12 अक्टूबर को व्रत का पारण कर सकते हैं।

पंचांग

सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 20 मिनट पर

सूर्यास्त - शाम 05 बजकर 55 मिनट पर

चन्द्रोदय- दोपहर 01 बजकर 55 मिनट पर

चंद्रास्त- रात 12 बजकर 19 मिनट पर

ब्रम्ह मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 41 मिनट से 05 बजकर 30 मिनट तक

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 03 मिनट से 02 बजकर 50 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त - शाम 05 बजकर 55 मिनट से 06 बजकर 20 मिनट तक

निशिता मुहूर्त - रात्रि 11 बजकर 43 मिनट से 12 बजकर 33 मिनट तक

जेब में नहीं टिक रहा है पैसा तो घर में लगाकर देखें यह पौधा, चमक उठेगी किस्मत

वास्तु शास्त्र में कई ऐसे उपाय बताए गए हैं जिसका पालन करने से आपके जीवन में सुख और समृद्धि के द्वार खुल जाते हैं। ऐसे ही एक पौधे का वर्णन मिलता है। इसको घर में सही दिशा में लगाने से बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। आज के समय में सभी की इच्छा होती है कि वो धनवान बन जाएं और उन्हें किसी प्रकार के कोई अभाव का सामना ना करना पड़े। वास्तु के अनुसार घर का वास्तु खराब हो तो नौकरी, बिजनेस सभी में नुकसान होता है। लेकिन अगर वास्तु सुधर जाए तो धन संपदा खुद चलकर आपके पास आती है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सभी देवी एवं देवताओं का कोई एक प्रिय पौधा होता है। दीपावली के दिन धन के देवता कुबेर की भी पूजा की जाती है। आइये समझते हैं कि कुबेर जी को कौन सा पौधा प्रिय है और इसे लगाने के क्या लाभ हैं। कुबेर को हिंदू धर्म में धन का देवता कहा गया है। यह माना जाता है कि इनकी कृपा जिस पर हो जाए उसका जीवन ही बदल जाता है और उसे कभी धन की कमी नहीं होती। बाथरूम में पानी से भरी बाल्टी रखकर देखें क्या होता है, बदल जाएगा जीवनबाथरूम में पानी से भरी बाल्टी रखकर देखें क्या होता है, बदल जाएगा जीवन जो पौधा कुबेर जी को प्रिय है उसका नाम क्रासुला है। वास्तु शास्त्र के अनुसार यह पौधा बहुत शुभ एवं लाभकारी फल देने वाला होता है। इसे घर के आंगन में लगाना अच्छा माना गया है। इस पौधे को लकी ट्री, मनी ट्री, सकुलेंट्स, पुलाव का पौधा या फिर क्रासुला ओवाटा के नाम से भी जाना जाता है। जब भी हम घर में कोई पौधा लगाएं तो उसे वास्तु के हिसाब से सही दिशा देखकर ही लगाना चाहिये। क्रासुला के पौधे को उत्तर दिशा में लगाया जाता है। तभी इसके शुभ परिणाम सामने आते हैं।वास्तु के अनुसार जो भी व्यक्ति क्रासुला के पौधे को घर में लगाता है उस पर भगवान कुबेर जी की विशेष कृपा बरसती है। धार्मिक और वास्तु दोनों दृष्टियों से इस पौधे को लगाना हितकारी है।

nandgaon times oct-09-04.qxd 10/8/2024 11:59 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

रास गरबा उत्सव में गूंजी लकी तरार की आवाज

मां शक्ति की आराधना में जमकर नाचे युवा, गुजराती थीम गरबा की विजेता रही पवित्रा उपाध्याय, जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू प्रथम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पदमश्री पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में हो रहे चार दिवसीय रास गरबा उत्सव में लकी तरार की आवाज ने धूम मचा दी गरबा के रंगारंग आयोजन में उनकी आवाज में युवा लगातार थिरकते रहे। सोमवार को गुजराती पैटर्न पर रास गरबा स्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें गुजराती थीम पर पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू विजेता रही। दोनों ही प्रतिभागियों को संस्था ने पुरस्कृत किया है। श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रास गरबा उत्सव के तीसरे दिन गुजराती पैटर्न पर गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। गुजराती पैटर्न में हुए गरबा स्पर्धा में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर कैटेगरी में सिद्धि साहू विजेता रही, इसके अलावा ओवरऑल गरबा बेस्ट परफॉर्मेंस कैटेगरी में जया पटेल, सुप्रिया खोब्रागड़े, दीपाली साहू, शारदा अग्रवाल, मुकेश शर्मा, श्रिंजय पटेल, दीपिका दवे को भी पुरस्कृत किया गया है। मां आदिशक्ति की आराधना के पर्व पर आदि शक्ति थीम पर गरबा स्पर्धा आज आयोजित है, जिसमें केवल बालिका एवं महिलाएं शामिल होंगी। इस थीम में गरबा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। इस थीम के अंतर्गत भगवान के अलग-अलग वेशभूषा में प्रतिभागी दिखेंगे।

साकेत का प्रतिनिधि मंडल राजभाषा आयोग के सचिव और संस्कृति विभाग के संचालक से मिले

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी का प्रतिनिधि मंडल विगत दिवस छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. बेहार से साकेत साहित्य परिषद की रजत जयंती समारोह के संबंध में चर्चा करने के साथ ही राजनांदगांव की साहित्यिक गतिविधियों से अवगत कराया। साकेत स्मारिका 2023 की प्रति भेंट की। प्रतिनिधि मंडल की डॉ. बेहार से सार्थक चर्चा हुई। साथ ही संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य से मिलकर पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान को आंचलिक / छत्तीसगढ़ी साहित्य के लिए ही दिये जाने की मांग की। ज्ञात हो कि इस बार जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है उसमें हिन्दी का उल्लेख किया गया है। इस ओर साकेत साहित्य परिषद ने संचालक महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही साकेत स्मारिका 2023 भेंट किया। इस दौरान साकेत साहित्य परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू अंकुर, संरक्षक कुबेर सिंह साहू, महेन्द्र कुमार बघेल मधु, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू लहर, सचिव राजकुमार चौधरी रौना, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, युनुस अजनबी, कुलेश्वरदास साहू, फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, सहसचिव डोहरदास साहू आदि उपस्थित थे।

आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

राजनांदगांव-मानपुर सड़क के लिए 290 करोड़ , सांसद संतोष पांडे की मेहनत लाई रंग

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव से मानपुर सड़क के लिए सांसद संतोष पांडे के लगातार प्रयास को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुपरिणाम तक पहुंचाया और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक कर पूरे छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर और आगे बढ़ाया। राजनांदगांव से मानपुर के 96 किलोमीटर की दूरी अब बड़े आराम से और अपेक्षाकृत कम समय में तय होगी । केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों के साथ राजनांदगांव मानपुर सड़क के लिए भी लगभग 290 करोड़ की स्वीकृति दी है। सांसद संतोष पांडे की पहल के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र को मिली इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। 290 करोड़ रु की सौगात पर भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा,राम जी भारती,भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ,वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी,जिला पंचायत अध्यक्ष,गीताघासी साहू संजीव शाह,मदन साहू,नम्रता सिंह,रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी,गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी,आशीष द्विवेदी,गौरव शर्मा,दिनेश साहू , नम्रता सिंह, मदन साहू , राजू टांडिया, विजय जैन,देवकी नेताम सहित सभी वरिष्ठ भाजपा नेतागण, डोंगरगांव, कुमरदा, अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर के भाजपा कार्यकर्ता , निवासियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त किया है ।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे सिद्धार्थ शेन्डे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा, प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए संभाग स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थी सिद्धार्थ शेन्डे प्रबंधन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अम्बिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। विद्यार्थी सिद्धार्थ शेन्डे की उपलब्धि के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी, संस्था के प्राचार्य श्रीमती कुमकुम झा एवं प्रभारी शिक्षिका सुश्री लेखा साहू ने बधाई दी है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दी है।

करेंट की चपेट में आया युवक मौके पर हुई मौत

साल्हेवारा (नांदगांव टाइम्स)। वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा में फिर एक बार जंगली जानवरों के लिए बिछाए जाल ने एक निर्दोष की जान ले ली। घटना स्थल बैगा साल्हेवारा के पास कुकरापाठ सड़क में हनुमान मंदिर से लगकर जो जंगली सुवारो के आने जाने वाले मार्ग पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वही खंभे के माध्यम से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के खुली तार से डायरेक्ट करेंट लगा कर रास्ते में जंगली सुवरो के लिए बिजली के फंदे बिछा रखे थे जिसमे वही नजदीक के गांव छोटे रेंगाखार के निवासी नाम साहिल खान,उम्र 22,पिता- चांद खान सुबह 4 बजे के आसपास फंदे की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई,साहिल और उसका भाई रात से अपने भैंस को ढूंढने घर से निकले थे । जिसके बाद अचानक फंदे की चपेट में आने से साहिल ने वही मूर्छित हो गया जिसके बाद साथ में गए उसके भाई ने अपने पिता चांद को फोन किया चांद खान अपने साथी के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर तत्काल साल्हेवारा अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर प्रकाश वर्मा ने व्यक्ति साहिल खाना को मृत घोषित किया गया।

सी.मार्ट निविदा अधिकारी के लापरवाही से महिला समूह के लिए बना जी का जंजाल

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। कहते हैं समय से पहले किए गए कार्य आगे चलकर किसी न किसी के लिए नुक़सान दे होता है वैसा ही एक मामला सामने आया जहां 07 अक्टूबर 2024 को दोपहर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया, एवं तहसीलदार अध्यक्ष सी-मार्ट क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति व थाना छुरिया दल-बल के साथ जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम पैरीटोला प्रदत्त सी-मार्ट छुरिया काम्प्लेक्स से समानों को खाली करवाने पहुंचे। ज्ञातव्य हो कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को एक ही छत के नीचे विक्रय करने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूह को रोजगार प्रदान करने एवं महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में योजना अनुसार सभी जिला में सी-मार्ट योजना के तहत कॉम्प्लेक्स खोला जाना निर्धारित किया गया था, उसी तारतम्य में सी-मार्ट छुरिया के अपूर्ण निर्माण के समय तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया के द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा प्रसारित योजना को क्रियान्वयन देने की पहल में मुख्यमंत्री के छुरिया आगमन से पहले आनन-फानन में 19 सितम्बर 2023 को कलेक्टर राजनांदगांव के द्वारा सी-मार्ट छुरिया का उद्घाटन किया गया। जबकि सी-मार्ट का निविदा प्रकाशन अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 को होने के पश्चात टेण्डर की प्रक्रिया किया जाना था जो बगैर टेण्डर प्रक्रिया समाप्त हुए नियम कानून को दरकिनार कर केवल वाहवाही लूटाने तत्कालीन रहे जनपद सीईओ ने कोई कसर नहीं छोड़ा। जिसके चलते यह कहना ग़लत नहीं होगा कि अधिकारी के मनमानी के चलते सी-मार्ट छुरिया में खोले जाने के ग्यारह महिनों तक आमंत्रित महिला समूह से एग्रीमेंट नहीं हो पाया। वहीं निविदा आमंत्रित कर सक्षम आर्हता वाली इकाई को सी-मार्ट छुरिया का संचालन करने दिया जाना था, किंतु सितम्बर 2023 में किसी महिला समूह के द्वारा सी-मार्ट छुरिया संचालित करने तैयार ना होने पर जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा किराना एवं जनरल स्टोर्स के सामान विक्रय करने बाबत् आवेदन दिया गया था। मिली जानकारी अनुसार तत्कालिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा श्रीमति गायत्री साहू अध्यक्षा, जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह से उनके प्रस्तुत आवेदन के आधार पर संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह को बिना किसी निष्पादित अनुबंध के 5000/- (राशि पांच हजार रूपये) प्रतिमाह किराये पर आगामी निविदा आमंत्रित होने तक की अवधि के लिये दिया गया था। आवेदक संस्था सी-मार्ट छुरिया के संचालन का व्यय उपभोक्ता संस्था के द्वारा किये जाने के उपरांत आगामी किराया समायोजित किया जा सकेगा परन्तु तात्कालिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया (श्रीमान् ओझा साहब) के सेवानिवृत्त होने के पश्चात् नियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया के द्वारा सी-मार्ट छुरिया की आबंटित दुकानदार को बकाया राशि जमा करने कारण बताओ नोटिस दिनांक 09.04.2024 के माध्यम से जारी किया गया था। उक्तानुसार सी-मार्ट छुरिया के किरायेदार क्रमशः श्रीमति देवकुंवर कोचिया को फरवरी एवं मार्च की प्रस्तावित किराया 2000/- रूपये प्रतिमाह की दर से तथा श्रीमति उर्मिला बढोले को जनवरी, फरवरी एवं मार्च का बकाया किराया प्रतिमाह 2000/- रूपये की दर से जमा करने तथा संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह को बकाया किराया जमा करने बाबत् नोटिस में किराया माह अक्टूबर का 33,800/- रूपये तथा नवम्बर 2023 से मार्च 2024 तक का बकाया किराया 39,800/- रूपये प्रतिमाह की दर से मांग पत्र भेजा गया था, इस दौरान संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा दिसम्बर 2023 का बिजली बिल 33,850/- रूपये, जनवरी 2023 में बिजली बिल 4250/- रूपये, फरवरी 2024 में 4350/- रूपये, मार्च 2024 में 4400/- रूपये कुल 46,860/- (राशि छियालीस हजार आठ सौ साठ रूपये) काटा जाकर 1,85,940/- (राशि एक लाख पच्यासी हजार नौ सौ चालीस रूपये) जमा करने बाबत् मांग पत्र भेजा गया था, संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सितम्बर 2023 से मार्च 2024 तक सी-मार्ट छुरिया कॉम्प्लेक्स में किये गये खर्च का बिल सहित विवरण प्रस्तुत करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया द्वारा संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह का किये गये व्यय विवरण अनुसार 1,06,045/- (राशि एक लाख छः हजार पैंतालीस रूपये) में से 99,502 /- (राशि निन्यानवे हजार पांच सौ दो रूपये) के बिल को स्वीकार कर शेष राशि जमा किये जाने की सूचना दी गई । संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया सहित, मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव, तहसीलदार छुरिया अध्यक्ष, सी-मार्ट क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति, अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव सहित अन्य उच्च अधिकारीगण को आवेदन / शिकायत प्रेषित कर लगातार यह निवेदन किया गया कि, उन्हें 5000/- रूपये मासिक किराये पर सी-मार्ट छुरिया संचालित दिया गया था, किंतु नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया के द्वारा लगातार मांग पत्र अधिक राशि का भेजाकर राशि जमा करने निर्देशित किया गया । संस्था जय मां वैष्णव महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उच्चस्थ अधिकारी को सी-मार्ट की किराया राशि तय कर अनुबंध किये जाने हेतु आवेदन भी दिया गया, उक्त तारतम्य में जिला पंचायत अधिकारी राजनांदगांव द्वारा आवेदिका की शिकायत पर दिनांक 09.07.2024 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया को आवेदक संस्था के आवेदन पर जांच कर प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित 07 दिनों के भीतर उपलब्ध कराना आदेशित किया गया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com